>

Title: Regarding construction of bridge on Bagmati & Lalbakeya rivers in Bihar - Laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर) : मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर के अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिलों को जोड़ने वाली अदौरी एवं खेड़ी पाकड़ के बीच बागमती एवं लालबकाया नदी पर जनहित में आरसीसी पुल का निर्माण नाबार्ड के माध्यम से करवाया जाना अति आवश्यक है। इस स्थान पर पुल बनाने की मांग आजादी से पहले से स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है। इस पर सरकार द्वारा डीपीआर की कार्यवाही बहुत पहले की जा चुकी है। पुल न होने से आस-पास के सैकड़ों गांवों के लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और इस क्षेत्र का आर्थिक विकास अवरुद्ध है जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों का समुचित एवं संतुलित विकास नहीं हो पा रहा है। किसानों को अपना गन्ना रीगा मील तक पहुंचाने में भी दिक्कत हो रही है। इस पुल के न बनने से 20 हज़ार गन्ना उत्पादक किसान और काश्तकारों का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इस पुल के बनने से बेतिया, रक्सौल एवं जनकपुर (नेपाल) तक दूरी भी कम हो जाएगी।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चंपारण जिलों को जोड़ने वाली अदौरी एवं खेड़ी पाकड़ के बीच बागमती एवं लालबकाया नदी पर स्थानीय आर्थिक विकास एवं जनहित में आरसीसी पुल का निर्माण नाबार्ड के माध्यम से करवाने हेतु प्राथमिकता दी जाए।